प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज रांची के नामकुम में आई.सी.ए.आर.– राष्ट्रीय माध्यमिक कृषि संस्थान के शताब्दी समारोह को करेंगी सम्बोधित।
- डीवीसी मैथन और पंचेत डैम से अधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद पश्चिम बंगाल ने सील की झारखंड सीमा, मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर रोक।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज साहिबगंज के भोगनाडीह से करेंगे परिवर्तन यात्रा की शुरूआत, पांच हजार चार सौ किलोमीटर की दूरी तय करेगी यात्रा।
- जेएसएससी– सीजीएल की परीक्षा कल से 82 केंद्रों पर तीन पालियों में होगी, मुख्यमंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा।

******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज झारखंड की राजधानी रांची के नामकुम में आई.सी.ए.आर.– राष्ट्रीय माध्यमिक कृषि संस्थान के शताब्दी समारोह को सम्बोधित करेंगी। इस अवसर पर झारखण्ड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और संजय सेठ तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी उपस्थित रहेंगे।

******************

डीवीसी मैथन और पंचेत डैम से अधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में बाढ़ आ गई है। इसके बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने कल शाम झारखंड सीमा के डीबूडीह चेकपोस्ट पर बैरिकेडिंग कर मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है।

******************

नई दिल्ली में सहकारिता मंत्रालय के सौ दिनों में की गई परिवर्तनकारी पहलों की श्रृंखला पर राष्ट्रीय स्तर के एक सम्मेलन में केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि श्वेत क्रांति के दूसरे चरण से देश में महिलाओं का सशक्तिकरण, बच्चों में कुपोषण खत्म और रोजगार के नये अवसर तैयार होंगे, जैविक खेती को मजबूती मिलेगी और मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी।

******************

झारखंड बीजेपी के परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करने झारखंड दौरे पर आ रहे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में फेरबदल हुआ है। दिल्ली से रांची आने के बजाय अमित शाह आज सीधे बाबा नगरी देवघर जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री सुबह 11 बजे दिल्ली से देवघर आएंगे।

******************

केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह आज राज्य के दो स्थानों पर परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे। उनकी परिवर्तन सभा भी साहिबगंज के पुलिस लाइन मैदान पर होनी है। इसका समय दोपहर डेढ़ बजे रखा गया है। भाजपा नेता श्री शाह की दूसरी जनसभा गिरिडीह के झारखंड धाम में दोपहर साढ़े तीन बजे से तय है। इसकी जानकारी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दी।

******************

इधर, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज गिरिडीह जिले के जमुआ प्रखंड स्थित झारखंडी धाम में गृह मंत्री अमित शाह की सभा की तैयारी की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार पर हमला बोला।

******************

भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने साहिबगंज में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर राज्य सरकार पर फिर हमला बोला। श्री सरमा ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही संताल परगना में एनआरसी लागू किया जायेगा।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

******************

जामताड़ा जिले में पोषण माह के दौरान विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आम जन को पोषण की महत्ता की जानकारी देकर जागरूक करने का प्रयास लगातार जारी है। उपायुक्त कुमुद सहाय ने बताया कि पोषण माह के दौरान 1 अक्टूबर से जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

******************

पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस की ओर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की आज से शुरुआत की जा रही है। झारखंड पुलिस 18 मुख्य मुद्दों पर लोगों की समस्याएं सुन कर उसका समाधान करेगी।

******************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा– 2023 (नियमित एवं बैकलॉग) कल से दो दिनों तक राज्य के 82 केंद्रों पर होगी। यह परीक्षा तीन पालियों में ली जाएंगी। इसकी तैयारियों को लेकर देर शाम मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीजीएल एग्जाम के लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा बनाए गए एसओपी का उल्लंघन किसी भी हाल में नही होना चाहिए।

******************

संक्षिप्त खबरें

- देवघर जिले में जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के मद्देनजर जिले के सभी अनुमंडलों और प्रखंडो के प्रमुख होटलों मे पुलिस द्वारा रात को छापेमारी अभियान चलाया गया।

- खूंटी जिला के मुरहू थाना क्षेत्र में एक नाबालिग स्कूली छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म की घटना घटी है। इस मामले पर डीएसपी वरुण रजक ने बताया कि थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर आरोपियों की धर–पकड़ के लिए कार्रवाई की जा रही है।

- दुमका जिले में झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके लिए जिले में 30 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 9345 परीक्षार्थी परीक्षा दे सकेंगे। यह परीक्षा 21 और 22 सितंबर को तीन पारियों में होगी।

******************

अखबारों की सुर्खियां

- राज्य से प्रकाशित होने वाले सभी अखबारों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के झारखंड आगमन और बीजेपी के परिवर्तन रैली की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
- प्रभात खबर ने लिखा है– अमित शाह भोगनाडीह से आज भाजपा की परिवर्तन यात्रा की करेंगे शुरूआत।
- वहीं दैनिक जागरण और दैनिक भास्कर ने बंगाल सरकार द्वारा झारखंड सीमा को सील किये जाने की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है।
- वहीं रांची एक्सप्रेस ने गढ़वा में आयोजित आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की घोषणा की खबर को सुर्खी बनाई है।

- इधर अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने प्रधानमंत्री के जम्मू– कश्मीर पर दिए बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*************